Title: Re: Need to provide medical facilities for treatment of cancer, kidney and gynaecological diseases in Mahoba, Uttar Pradesh.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): महोदय, बुंदेलखंड आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है और इस क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की बहुत अवश्यकता है । विशेषकर कैंसर और किडनी के रोगों के लिए उपचार व्यवस्थाओं की कमी है यद्यपि आयुष्मान भारत कार्ड से मरीजों को इलाज में बहुत अधिक आर्थिक मदद हो जाती है पर इलाज के लिए उन्हें अन्य नगरों को जाना पड़ता है । इसके साथ महिलाओं में खून की कमी की बीमारी भी बुंदेलखंड में बहुत अधिक है और उचित परामर्श के अभाव में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है और महिलाओं के लिए इलाज हेतु अन्य नगरों में जाना सामाजिक और आर्थिक रूप से भी कठिन होता है ।

मैं लोक कल्याणकारी, केंद्र सरकार से यह निवेदन करता हूँ कि महोबा (उ०प्र०) में विशेष रूप से कैंसर और किडनी रोगों और महिला संबंधी रोगों के उपचार की व्यवस्था के साथ-साथ हमीरपुर, राठ, तिंदवारी, चरखारी में भी मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kuldeep Rai Sharma ? not present.

Shri Rajmohan Unnithan ? not present.

Shri Kodikunnil Suresh.